# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## <u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

*संख्या–**169/2026***

## राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व० बी० पी० मंडल की <u>जयन्ती के अवसर पर उन्हें नमन किया</u>

**पटना 25 अगस्त, 2026 :–** माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० बी०पी० मंडल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ, पटना के चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कई मंत्रीगण तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० बी०पी० मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये।

.............................................